# प्रेस नोट

## सराहनीय कार्य 03.08.2026

- **थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा गृहभेदन की घटना का मात्र 36 घण्टे में अनावरण कर अपराध कारित करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**
- **कब्जे से पीली व सफेद धातु के आभूषण तथा ₹ 750 बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात मे अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 01/02.08.2026 की रात्रि में मुकदमा वादिनी के घर के पीछे की दीवार काटकर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में आज दिनांक 03.08.2026 को प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 189/2026 अन्तर्गत धारा 305/331(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशन में मुकदमा उपरोक्त के शीघ्र अनावरण हेतु टीम गठित की गयी थी। मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए चेकिंग के दौरान अभियुक्त प्रदीप उर्फ छोटू पुत्र पप्पू उर्फ करणलाल निवासी गोगूमऊ थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 29 वर्ष को मुक्तापुर टडवारा मार्ग से रायपुर की ओर लगभग 150 मीटर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जायेगा।

**पूछताछ का विवरण :**

पूछताछ के दौरान अभियुक्त प्रदीप द्वारा गृहभेदन कर चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। अभियुक्त ने बताया कि उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर व्यक्तिगत खर्चों की पूर्ति हेतु अपने ही गाँव में चोरी की थी। जिस मकान में चोरी की गई थी, वह उसके परिवार की भाभी का मकान है। उनके पति की मृत्यु हो चुकी है तथा वह अपने बच्चे के साथ अकेली रहती हैं। मकान में अन्य कोई सदस्य न होने का लाभ उठाकर हम लोगों ने मकान की पिछली दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। अभियुक्त ने यह भी बताया कि आज तीनों साथियों ने चोरी के माल का आपस में बंटवारा किया था तथा वह अपने हिस्से का माल लेकर गजनेर की ओर जा रहा था, तभी पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।

**बरामदगी का विवरण-**

1. एक लाल माला में पीली धातु का लॉकेट (पेंडल)।
2. एक काली माला में पीली धातु का 'ॐ' आकार का लॉकेट।
3. एक पिन्नी के पैकेट में एक छोटा 'हाय' अंकित पीली धातु का लॉकेट।
4. एक पीली धातु की नोज पिन।
5. एक जोड़ी सफेद धातु के बिछुए।
6. एक सफेद धातु की अंगूठी, जिसमें बैंगनी रंग का नग जड़ा है।
7. एक जोड़ी सफेद धातु की पायल।
8. ₹750/- (सात सौ पचास रुपये) नगद।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. प्रदीप उर्फ छोटू पुत्र पप्पू उर्फ करणलाल नि0 गोगूमऊ थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 29 वर्ष

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 189/2026 अन्तर्गत धारा 305,331(4),317(2) बीएनएस थाना गजनेर का0दे0

**<u>गिरफ्तार करने वाली थाना गजनेर पुलिस टीम-</u>**

1- उ0नि0 श्री मोहनवीर, चौकी प्रभारी पामा, थाना गजनेर
2- का0 715 रोहित कुमार
3- का0 177 रोहताश सिह
4- का0 281 सुनील कुमार
5- रि0 का0 429 ब्रजेश कुमार